# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 31 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 192 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इंदौर पुलिस द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान का सफलतापूर्वक किया गया समापन।

## पुलिस कमिश्नर इंदौर सहित सभी ने ली नशे से दूर रहने व नशे के विरूद्ध जागरूकता लाने की शपथ





7100 लोगों की मानव श्रृंखला, और 85003 लोगो को ई शपथ दिलाकर बनाये वर्ल्ड रिकॉर्ड हस्ताक्षर अभियान में 287000 से ज्यादा लोगों ने जुड़कर, किये नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए हस्ताक्षर पुलिस ने मानव श्रृंखला, बाइक रैली, मैराथन, ई शपथ, जनसंवाद, जागरूकता रैली, शार्ट फिल्म, नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताएं आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर किया लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक।

नशों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता हेतु किया गया, पेंटिग, निबंध, स्लोगन, रंगोली, शार्ट फ़िल्म, रील्स आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से सम्मानित।

इंदौर - नशे के विरुद्ध तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जनचेतना लाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाये गये अभियान "नशे से दूरी है ज़रूरी" के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का सफलतापूर्वक समापन आज दिनांक 30 जुलाई 2025 को अभय प्रषाल में रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम में अति पुलिस आयुक्त (कानून /व्यवस्था) नगरीय इंदौर श्री अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त (मुख्या./अपराध) नगरीय इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, नगरीय पुलिस के सभी पुलिस उपायुक्तगण, अति पुलिस उपायुक्तगण, सहायक पुलिस आयुक्तगण, अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन के पदाधिकारीगण, तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यगण, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यगण, शहर के सम्माननीय नागरिकगण, विभिन्न स्कूल/कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों के स्टूडेट्स व षिक्षकगणे एवं विभिन्न प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले प्रतिभागीगण सहित, करीब 7500 लोग उपस्थित रहें।



कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अति पुलिस उपायुक्त क्राईम श्री राजेश दण्डोतिया द्वारा क्रार्यक्रम मे पधारे सभी अतिथिगणों का अभिवादन किया तथा इस अभियान के दौरान इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा किये गये विभिन्न कार्यवाही पर प्रकाश डाला। उक्त समारोह के दौरान विभिन्न स्कूल/कॉलेज व संस्थाओं के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतिया दी और अपने प्रदर्शन के माध्यम से भी नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिये नशे से दूरी रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने इस अभियान के तहत इंदौर पुलिस द्वारा किये गये प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि, इस दौरान शहर के स्कूल/कॉलेज, कोचिंग क्लास, बस्तियां, कॉलोनिया, गार्डन, प्रमुख बाजार, मॉल्स, फैक्टरिया, हॉस्पिटल, व्यापारिंक प्रतिष्ठान, मंदिर, मस्जिद, स्पोर्ट्स एकेडमी, जेल, पर्यटन स्थलों आदि शहर के हर हिस्से मे व हर जाति वर्ग के बीच पहुंच, पुलिस ने नशे के दुष्पपरिणामों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस दौरान इंदौर पुलस द्वारा जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटको, सभाओं, जनंसवाद, शपथ, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पांईट, बाईक रैली, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, रील्स, शार्ट फिल्म आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी नशे से दूरी रखने का संदेश दिया गया।

उक्त अभियान के तहत इंदौर पुलिस द्वारा सभी स्टूडेंट्स व नागरिको के सहयोग से बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की, 7100 लोगों की मानव श्रृंखला और 85000 लोगों को ई-शपथ दिलवाकर, वर्ल्ड रिकार्ड भी बनाया जिसका सर्टिफिकेट भी आज प्राप्त हुआ। साथ ही एक और उपलब्धि यह रही कि इस दौरान चले हस्ताक्षर अभियान में 287000 से ज्यादा लोगों ने जुड़कर, अपने हस्ताक्षर किये जो भी वर्ल्ड रिकार्ड है, जिसके लिये दावा प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति हेतु शपथ भी दिलवाई और सभी से कहा कि नषे से दूरी रख स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगें। साथ ही उन्होनें इस अभियान के दौरान पुलिस का सहयोग करने वाली सामाजिक संस्थाओं, स्कूल/कॉलेज व शैक्षणिक संस्थाओं व नागरिकों का धन्यवाद दिया साथ ही पुलिस टीम की भी प्रशंसा की गयी। साथ ही उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ उक्त अभियान को सफल बनाने में अपना अभिन्न योगदान देने वालो, तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मकता से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से सम्मानित कर, उनके कार्यो की सराहना कर बधाई भी दी।

## श्री विमल सामाजिक समिति द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**इंदौर। महाराणा प्रताप नगर पानी टंकी के पास बाणगंगा में श्री विमल सामाजिक समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ।**

शिविर में क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुषों बच्चों ने अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करवाई। आयोजन श्री विमल सामाजिक समिति अध्यक्ष श्रीमती योगिता सक्सेना उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा यादव सचिव हर्ष सक्सैना ने बताया कि डॉक्टर कीर्ति मालवीय के मार्गदर्शन में डायबिटीज मोटापा थायराइड त्वचा रोग कमर दर्द की जांच की गई और उचित सलाह दी गई। इस आयोजन में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती डाबी जी माधुरी सोलंकी दिलीप सक्सेना पूजा पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना नामांकन अभियान पंहुचा ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी



**अनिल चौधरी- मो.99264-22717**

इंदौर। आदरणीय जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा सर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी रहवासी संघ के साथ कालोनी में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना नामांकन अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें रहवासी संघ की अध्यक्ष श्रीमती सीमा जैसवानी जी ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया एवं अतिथि एवं वक्ता के रूप में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक एवं डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन की जिला मिशन समन्वयक डॉ वंचना सिंह परिहार द्वारा सेशन लिया गया। डॉ परिहार ने उपस्थित समस्त महिलाओं को भारत सरकार की मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के बारे में विस्तार से बताया गया । जिसमें उन्होंने मिशन शक्ति की समस्त योजनाओं संबल एवं सामर्थ्य के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना , वन स्टॉप सेंटर, हब, सखि निवास ,शक्ति सदन , महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 , महिला अधिकारों एवं महिला कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# एमपी के शिवपुरी-गुना में सेना बुलाई, 300 लोगों का रेस्क्यूः डैम टूटने की आशंका, दतिया में सिंध नदी में बाढ़, 11 गांव खाली कराए

**ऋषि गोस्वामी**

मध्यप्रदेश में लगातार बारिश से कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। दो जिलों में तो सेना को मोर्चा संभालना पड़ा है। सिंध नदी के उफान पर आने से शिवपुरी के कोलारस में कई गांव पानी से घिर गए हैं। हालात ये हैं कि लोगों को छतों पर टेंट बनाकर रहना पड़ रहा है। यहां करीब 350 लोग फंसे हुए हैं, जिनका सेना रेस्क्यू कर रही है। गुना में 24 घंटे में 13 इंच से ज्यादा बारिश हुई। शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। यहां के बमोरी इलाके में कलोरा बांध की वेस्ट बीयर टूट गई है। बांध टूटने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सावधानी के तौर पर बबीना से सेना की टुकड़ी बुलाई है। यहां करीब 74 लोगों की टीम बांध को दुरुस्त करने में जुटी है, इसमें सेना के साथ ही NDERF, SDERF और स्थानीय प्रशासन काम में जुटा है। वहीं दतिया में सिंध के उफान पर आने से 11 गांवों को खाली कराया जा रहा है। अब तक प्रशासन ने 4 गांवों के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है।









### सीएम ने रक्षा मंत्रालय से मांगी मदद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होमगार्ड मुख्यालय के बाढ़ आपदा नियंत्रण के स्टेट कमांड सेंटर से प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी बारिश से बाढ़ और जन सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय से लोगों के रेस्क्यू के लिए सेना के हेलिकॉप्टर सेवा की मदद मांगी है। सीएम ने अतिवृष्टि वाले जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा की। कहा है कि जिन जिलों में बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण लोग फंसे हैं वहां के कलेक्टरों की जिम्मेदारी है कि सभी को सुरक्षित बाहर निकालें। प्रदेश के बाढ़ग्रस्त जिलों से ये रिपोर्ट...

### सबसे पहले हाल शिवपुरी के कोलारस का साखनौर बाढ़ से घिरा, पचावली का पुराना पुल डूबा

कोलारस में सिंध नदी के उफान पर आने के बाद सगरौर गांव चारों ओर पानी से घिर गया है। साथ ही बहादुरपुरा, इमलावदी, डगपीपरी व कुटवारा गांव में पानी भर गया। पचावली गांव के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां सिंध नदी का स्टेट कालीन पुल डूब गया। पुल से 10 फीट ऊपर से बहने लगा जिससे गांव में अंदर तक पानी घुस आया। बारिश के हालात से निपटने के लिए प्रशासन ने सेना की मदद ली है। रेस्क्यू टीमों के साथ सेना ने नाव और अन्य संसाधनों की मदद से 250 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। हालांकि 100 से ज्यादा लोग अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं। पचावली गांव में करीब 30 स्कूली बच्चे पिछले 24 घंटे से फंसे हुए हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं। घंटे से फंसे हुए हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं। कुटवारा गांव में अय्यूब खान का पत्थरों व मिट्टी से बना घर ढह गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे जवान कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए सेना को बुलाया गया है। झांसी से एक बटालियन मौके पर पहुंची है जो ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाल रही है। साथ ही जरूरतमंदों तक खाद्य सामग्री और राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य भी कर रही है।

### दो टीमों में बंटकर किया जा रहा रेस्क्यू

रेस्क्यू अभियान की कमान संभाल रहे आर्मी मेजर शिवम गांगुली ने बताया कि सेना दो टीमों में बंटकर अलग-अलग इलाकों में राहत कार्य जारी है। मेडिकल स्टाफ भी तैनात है। सेना के पास रेस्क्यू के लिए वोट, सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षित अधिकारी मौजूद हैं। टीम पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सभी फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला जाएगा।

### सिंध नदी उफान पर, दतिया में हाई अलर्ट

दतिया में सिंध नदी एक बार फिर अपने रौद्र रूप में आ गई है। हरसी बांध, मानीखेड़ा, समोहा पिकअप और मोहिनी पिकअप बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। पानी खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है, जिससे दतिया जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रशासन ने कोटरा, मेढ़पुरा, पाली और डिमरपुरा समेत दर्जनों गांवों को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। लगातार बढ़ते जल स्तर के कारण कोटरा, मेढ़पुरा और पाली गांव चारों ओर से पानी से घिर गए हैं। वहीं, सुनारी, कुलैथ, लांच, अंडोरा, विलासपुर, लोकनपुरा और सेवढ़ा नगर के वार्ड क्रमांक-1 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही है और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रही है।

### कलेक्टर पहुंचे कोटरा गांव

जिला कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े स्वयं मौके पर पहुंचे और कोटरा गांव में हालात का जायजा लिया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग की और ग्रामीणों को मोटर बोट की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता किसी

# क्या हेलमेट लगाने से ट्रैफिक सुधर जाएगा..


फोटो : संदीप जैन





इंदौर के माई-बापों ने फिर आदेश जारी किया है, जिसमें 1 अगस्त से दो पहिया वालों को हेलमेट पहनना जरुरी है। फरमान सुनाया गया है, हेलमेट नहीं पहना तो चालान तो कटेगा साथ ही पेट्रोल भी नहीं मिलेगा। शहर के अब्बा हुजूरों का कहना है ये नियम इसलिए क्योंकि एक्सीडेंट में मौत का खतरा रहता है। इंदौर जैसा शहर जहां आमतौर पर हर 200 मीटर की दूरी पर ट्रैफिक सिग्नल है या फिर रास्ता कट रहा है। ऐसा शहर जिसकी हर सडक़ पर हर समय जाम लगा रहता है। गाडियां एक दूसरे से सटकर चल रही होती हैं। आम तौर पर इंदौर की सडक़ों पर गाडियों की स्पीड 20 से ज्यादा नहीं होती है। 20 की स्पीड जिसे रेंगना भी कहते हैं उसमें पर एक्सीडेंट और उसमें मौत... सुनकर ही डर लगने लगता है, हाथ-पैर कांपने लगते हैं। इंदौर के ट्रैफिक को लेकर हाईकोर्ट में 22 जुलाई को अफसरों से सवाल जवाब हुए थे, उसके बाद से भाई लोगों को ट्रैफिक की समस्या दिखने लगी। शहर में जाम का हल भाई लोगों ने आम जनता के हेलमेट नहीं पहनने के कारण निकाला, इसे ही कहते हैं कुशाग्र बुद्धि। लेकिन क्या इस शहर में जाम वाकई हेलमेट नहीं पहनने के कारण लगता है, जवाब है बड़ा सा नहीं..। शहर में एक सडक़ ऐसी नहीं है जिस पर यदि 300 मीटर आप गाड़ी लेकर निकलें और उसमें गाड़ी न उचके। क्योंकि या तो सडक़ पर गड्ढे बने हुए हैं या फिर पेंचवर्क और चेंबर के नाम पर सडक़ पर कुबड़ निकाल दिए गए हैं। और तो और जो सीमेंट की सडक़ें हैं उसमें ज्वाईंट उपर नीचे हैं। जिससे गाड़ी उचकती ही है। लोग इससे गिरते हैं उनके हाथ-पैर टूटते हैं। फरमान जारी करने वाले इस गड़बड़ी के खिलाफ कभी फरमान जारी नहीं करते क्यों, क्योंकि वो उनकी ही बिरादरी या सत्ता साकेत के पसंदीदा लोग हैं। हेलमेट नहीं होने से ट्रैफिक बिगडऩे की बात करने वालों ने कभी सिटी बसों को सडक़ पर चलते देखा है..? ये बसें तो आप लोगों की देखरेख में ही चलती हैं। इनके स्टॉप के नाम पर फूटपाथ जरूर गायब हैं, लेकिन ये कभी स्टॉप पर नहीं रुकती, जहां ड्रायवर को सवारी दिखती है वहां ये रुक जाती हैं। चाहे फिर पीछे गाडियां अटकी रहें। इनकी टाइमिंग क्यों तय नहीं होती, क्यों इनके ड्रायवरों पर कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि ये आपके मैनेजमेंट की गड़बड़ी का नतीजा है। जनता के लिए हेलमेट का आदेश तो आपने आदेश जारी कर दिया लेकिन क्या कुछ समय पहले उपनगरीय बसों को लेकर जो आदेश जारी किया था, उसका कितना पालन हुआ है वो देखा है..? सॉरी आपने कहां से देखा होगा, क्योंकि ये तो सत्ताधीशों और उनके सगे-संबंधियों की देखरेख में ही चल रही हैं। साहब लोगों कृपया कर एक बार जरा रीगल से मधुमिलन और शास्त्री पुल से लेकर पटेल ब्रिज के बीच के हिस्से में 40 की स्पीड में आपकी गाड़ी घूमाकर दिखा दो। कभी 7 बजे के बाद राजेंद्रनगर थाने के पास जाकर देखिएगा, या फिर रिंग रोड पर ही चले जाइएगा। आपके आदेश का पालन कितना हो रहा है दिख जाएगा। साहब ऐसा क्यों है कि गरीब जनता को पेट्रोल नहीं मिलेगा, लेकिन शहर के ट्रैफिक को बर्बाद करने वाली इन गाडिय़ों को डीजल जरुर मिलेगा। हाईकोर्ट में बताया गया है कि इंदौर में गाडियां और इंसान बराबर हैं। जितने इंसान उतनी गाडियां...। लेकिन इन गाडियों को खड़ा करने की जगह क्या सरकार, प्रशासन, नगर निगम, आइडीए, आरटीओ ने तय की है। इंदौर में गाडिय़ों के लिए पार्किंग कहां और कितनी हैं? हर बार 20 साल पहले बनीं 11-12 पार्किंग को गिनाते रहते हो, कभी नई पार्किंग की बात किसी ने की है। आप लोगों के पास शहर की प्लानिंग की जिम्मेदारी है, इसीकी आड़ में जनता पर कायदे थोपे जाते हैं लेकिन क्या कभी ये देखा है कि शहर में जो नए निर्माण हो रहे हैं उनका नक्शा किस काम के लिए पास हुआ है और मौके पर क्या बना है। कभी इसकी फूर्सत ही नहीं मिली होगी। इसका क्या नतीजा होता है वो उदाहरण सहित बता देता हूं, रामप्याऊ से लेकर उषाफाटक तक की सडक़ जिस पर मध्यक्षेत्र का ट्रैफिक गुजरता है। यहां पर पिछले दो सालों में कई नए भवन बने। 15 बाय 50, 20 बाय 50 के इन मकानों के नक्शों में ये खुद के रहने के लिए बनाए गए हैं लेकिन मौके पर मार्केट बने हुए हैं। जिसमें एक दो नहीं बल्कि 20-20 दुकानें हैं, लेकिन इनमें गाडियां खड़ी करने की जगह नहीं छोड़ी गई है। ऐसी ही एक सडक़ है पाटनीपुरा से एलआईजी चौराहा, हाउसिंग बोर्ड ने आवासीय प्लॉट काटे थे, लेकिन यहां पर पूरा मार्केट बन चुका है। जिनकी गाडियां सडक़ पर रहती है। ये बिल्डिंगें एक दिन में तो बनी नहीं, और जब गलत बनीं तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या साहब लोग इन्हें बनाने और बनते समय आंख मुंदने वाले अफसरों पर भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करेंगे। इंदौर में ट्रैफिक की समस्या का नया कारण है सडक़ों पर खड़े होने वाले ठेले और रिक्शा वाले, कभी खडखडिय़ा पुल (नगर निगम के पीछे रामबाग पुल) से गुजरने वालों से बात करिए वो बताएंगे कि यहां लेफ्ट टर्न बनाया ही इन लोगों की सुविधा के लिए गया है। इन सबसे बड़े हैं इंदौर में चलने वाले ई-रिक्शा। ये ई-रिक्शा इंदौर के ट्रैफिक को खराब नहीं बल्कि उसका बलात्कार करते हैं। सूर्यास्त के बाद बगैर हेडलाइट चलना इनका प्रियशगल है। बगैर लाइसेंस के ही इन्हें चलाने की छूट ने इंदौर के ट्रैफिक को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा है ये कहीं भी खड़े हो जाते हैं कहीं भी और कैसे भी चलते हैं, जैसे सडक़ केवल इनके चलने के लिए बनी हैं। और इन सबसे बढक़र वो व्यापारी जो सडक़ और फूटपाथ को को अपनी दुकान का हिस्सा बनाकर उस पर सामान रख लेते हैं। अफसरों का जोर हमेशा गरीब दो पहियावाहन वालों पर चलता है क्या कभी लोहारपट्टी, राजबाड़ा, पाटनीपुरा, अन्नपूर्णा रोड, एमजी रोड, जवाहरमार्ग के दुकानदारों को लेकर भी ऐसे ही आदेश जारी होंगे। लोकतंत्र में किसी भी सार्वजनिक परेशानी का हल होता है मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ती से। लेकिन इंदौर राजनेता इस मामले में नपुंसक ही साबित हुए हैं। ऐसे में शहर के लिए फैसला लेने के बजाए अपने और अपने वालों को फायदा पहुंचाने में ही ये लोग लगे रहते हैं। इंदौर में शहर से लेकर दिल्ली तक एक ही पार्टी का राज है। यहां का विपक्ष लगभग मर चुका है। ये शहर बीते चार सालों से जाम को लेकर चिल्ला रहा है, लेकिन मजाल है पक्ष-विपक्ष किसी के नेता का पुरुषार्थ जागा हो। एक नेता सामने नहीं आया जिसने इस बिगड़ते हालात के मूल कारण पर काम किया हो। हां नेताओं ने चिंता जरुर दिखाई, लेकिन इ्क्षचता के मूल की चिता बनाने में किसी ने आगे बढक़र काम नहीं किया। जब शहर की जनता और उनका नेतृत्व करने का दावा करने वाले नेता सोए हैं तो मनमानी तो चलेगी। हेलमेट जरुरी होने का समर्थन करने वाले क्या शहर के ट्रैफिक को बदहाली तक पहुंचाने वालों से भी जवाब मांगेंगे, शायद नहीं, क्योंकि वो मुंह खोलेंगे तो शायद साहब की नजर में गलत हो जाएंगे। वैसे भी बुर्जुग कह गए हैं सोए को जगा सकते हैं लेकिन मुर्दे और सोने का नाटक करने वाले को नहीं जगा सकते।

खबर पर नजर

# रेलवे प्लेटफार्म पर अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार





**रणजीत टाइम्स**

रतलाम ।श्रावण मास के पर्वो एवं स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी के ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । उक्त निर्देशों के पालन में जीआरपी थाना रतलाम की टीम द्वारा प्लेटफार्म एवं उसके आसपास के क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इसी दौरान सहायक उप निरीक्षक नौशाद खान को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्लेटफार्म क्रमांक 04 स्थित प्रीमियम पार्किंग में एक संदिग्ध सरदार युवक हथियारों से भरा झोला लिए खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक मोतीराम चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम जसप्रीत सिंह पिता स्व. अंग्रेज सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी माड़ी कम्बोक, जिला तरनतारन, थाना खालड़ा (पंजाब) बताया। जब उसके पास मौजूद झोले की तलाशी ली गई, तो पुलिस को भारी मात्रा में अवैध धारदार हथियार बरामद हुए: 25 नग खटकेदार चाकू, 07 नग धारदार तलवारें (म्यान सहित), 05 नग धारदार गुप्ती (काले कवर में पैक), 06 नग लोहे एवं बीड़ के पंच जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 25,300 आँकी गई है। मामले में थाना जीआरपी रतलाम में अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है । पूछताछ में बड़ा खुलासा: विवेचना के दौरान आरोपी जसप्रीत सिंह ने बताया कि वह ये सभी हथियार अमृतसर से खरीदकर बलदेव सिंह पिता गुरुवचन सिंह, उम्र 38 वर्ष, निवासी माड़ी कम्बोक, तरनतारन (पंजाब) को देने आया था, जो रतलाम स्थित गुरुद्वारे के पास अस्थाई तौर पर जूते-चप्पल की दुकान लगाता है। आरोपी की निशानदेही पर बलदेव सिंह को भी गिरफ्तार किया गया, जिसने स्वीकार किया कि वह यह हथियार पंजाब से सस्ते दामों में मंगवाकर रतलाम में ऊँचे दामों पर बेचता था।

**गिरफ्तार आरोपी**

जसप्रीत सिंह पिता स्व. अंग्रेज सिंह (उम्र 20 वर्ष) बलदेव सिंह पिता गुरुवचन सिंह (उम्र 38 वर्ष) टीम की सराहनीय भूमिका: इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने में निरीक्षक मोतीराम चौधरी, सउनि पंचम सिंह, सउनि नौशाद खान, प्र.आर. रईस खान, . नाहर सिंह, आर. अंकित शेखावत, पुष्पेन्द्र सिंह एवं . धर्मेन्द्र कुशवाह की विशेष भूमिका रही। रेलवे पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई आगामी त्योहारों और राष्ट्रीय पर्वो को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

# नप का सफ़ाई अपनाओ,बीमारी भगाओ अभियान

**रणजीत टाइम्स**



खेतिया । "स्वच्छ भारत मिशन 2.0" के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे देशभर में "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान बड़े जोश और उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बीमारियों से बचाव मॉनसून के समय मच्छरों और गंदगी से जुड़ी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया डायरिया और हैजा जैसी खतरनाक बीमारियों के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने बताया कि नगर परिषद खेतिया द्वारा इस अभियान के तहत घरों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और अस्पतालों की विशेष सफाई, कचरा प्रबंधन, और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ओर अभियान में स्थानीय नागरिकों, संस्थाओं, स्कूली बच्चों और सफाई कर्मियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। वार्ड-स्तर पर स्वच्छता समितियां बनाई गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को कचरा अलग-अलग जमा करने, शौचालयों के प्रयोग और स्वच्छ आदतों के बारे में समझा रही है। अभियान से नागरिक स्वच्छता के लिये प्रेरित किया जा रहा,स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया गया साथ ही नप द्वारा स्वच्छता हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे है

# शासकीय महाविद्यालय मक्सी में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम

**रणजीत टाइम्स**



मक्सी /स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय महाविद्यालय मक्सी में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सुनील वागले द्वारा की गई अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस सैनिकों की वीरता पराक्रम का प्रतीक है ।यह हमें उनके बलिदान का स्मरण करता है। कारगिल विजय दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं है यह सर्वोच्च न्योछावर करने वालों की विरासत का सम्मान करने का संकल्प है। यह युवाओं में राष्ट्र सेवा, बलिदान की भावना और देश के प्रति न्योछावर होने के लिए प्रेरित करता है।

कारगिल की पृष्ठभूमि एवं उनकी विजय गाथा पर आधारित एक वृत्त चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। तत्पश्चात शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर लाखन सिंह कुशवाह, डॉ अपर्णा जैन,डॉ सौदान सिंह मकवाना, डॉ विनीता परमार ,हेमंत डबरिया, जगदीश देवड़ा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे ।यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो मीनू गजाला खान ने प्रदान की।

# लायंस क्लब मक्सी की राखी कार्यशाला में निखरा बच्चियों का हुनर डेढ़ सौ से ज्यादा बनाई राखियां

**रणजीत टाइम्स**



मक्सी/लायंस क्लब मक्सी निरंतर सेवा कार्यों में लगा रहता है। इस बार लायंस क्लब ने बच्चों के हुनर,रचनामकता वं सोच को नई दिशा देने के लिए"राखी कार्यशाला" का आयोजन किया गया । लायंस क्लब मक्सी की सहसचिव लायन शीला पटेल ने इस कार्यक्रम की अगवाई कर, कक्षा छठी से लेकर 12वीं तक की 75 से अधिक छात्राओं को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया एवं उन्हें अपने हुनर एवं विचार को राखी के माध्यम से प्रदर्शित करने का उत्साह दिलाया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने डेढ़ सौ से ज्यादा राखियां बनाकर अपने हुनर को निखार एवं अपने सहपाठियों के साथ मिलकर आनंद से इस कार्यशाला का लाभ लिया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष लायन मयंक काबरा, सचिव लायन श्रीधर माहेश्वरी, सहसचिव लायन शीला पटेल, लायन रामप्रसाद पाटीदार, लायन दुर्गा पाटीदार, श्रीमती विमला वाघेला उपस्थित थे। शिक्षक एवं शिक्षिकाओ ने भी इस कार्यशाला को संचालित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान कर बच्चों मे कुछ नया करने की ऊर्जा का संचार किया।

# लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर द्वारा गौ सेवा कर पुण्यतिथि मनाई



**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। गौ सेवा के माध्यम से भव पार लग सकते है, और पूर्वजों की स्मृति और जन्मदिन सहित वर्षगांठ पर गौ सेवा के संकल्प को लेकर किया गया कार्य हमारे लिये चिर स्थाई हो जाता है। गौ माता की सेवा से सभी प्रकार के कष्टों का हरण होता है। उक्त बात लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर के अध्यक्ष जीवन भंडारी के पिताजी स्व. हस्तीमल जी भंडारी की पुण्यतिथि पर गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीव दया समिति और गौ शाला के संचालक महेंद्र अग्रवाल ने कहीं।लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर के द्वारा स्व. हस्तीमल जी भंडारी की स्मृति में गौ माता को मीठी थूल्ली और हरी घास की व्यवस्था कर गौ शाला में सभी सदस्यों ने पहुंचकर गौ सेवा का आनंद लिया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने गौ सेवा के संकल्प को दृढ करते हुए वृंदा आनंदम गौ शाला के कार्य को जल्द प्रारंभ करने पर सहमती बनाई और रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष जीवन भंडारी, चार्टर अध्यक्ष लायन अनिल शर्मा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सुरेश प्रजापति, सचिव लायन वीरेंद्र भट्ट,धर्मेंद्र वैरागी, दीपक सोलंकी, मनीष भंडारी, वीरेंद्र भंडारी, अमिता भंडारी, उषा प्रजापति, शिवानी सोलंकी आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

# पुलिस द्वारा “समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता” के विषय पर आयोजित किया गया जागरूकता अभियान




**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उनके अधिकारों और समस्याओं के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से खरगोन पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अभियान के अंतर्गत अभ्युदय विश्वविद्यालय, खरगोन में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । सेमिनार का उद्देश्य समाज के उन वर्गों के प्रति समझ और संवेदना को बढ़ाना था, जो सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक रूप से वंचित हैं । इनमें विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग आदि शामिल हैं ।

सेमिनार के दौरान डीएसपी अजाक श्रीमती वर्षा सोलंकी ने विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया । वहीं, महिला थाना प्रभारी श्रीमती गीता सोलंकी ने महिलाओं से संबंधित कानून, चुनौतियाँ एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की, जिससे छात्र-छात्राएं महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु उपलब्ध संसाधनों से परिचित हो सकें । इसके अतिरिक्त, अजाक थाना प्रभारी श्रीराम ललन मिश्रा ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के प्रति होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा लागू किए गए कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गयी



। यह कार्यक्रम छात्रों को न केवल संवेदनशीलता से जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारियों की ओर प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें सशक्त समाज निर्माण की दिशा में सक्रिय भागीदारी हेतु भी प्रोत्साहित करता है । कार्यक्रम की समाप्ति पर थाना प्रभारी जैतपुर उनि सुदर्शन कलोसिया के द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में मौजूद छात्राओ को जागरूक कर शपथ दिलाई गयी ।

# नशामुक्त समाज निर्माण में बढ़ते कदम

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए, अहमदाबाद, वडोदरा, गोवा, उदयपुर और इंदौर स्थित पैनाश अकादमी (एविएशन, होटल मैनेजमेंट, ट्रैवल एंड टूरिज्म और क्रूज़ शिप मैनेजमेंट) के छात्रों ने पुलिस आयुक्तालय, इंदौर द्वारा आयोजित “नशे से दूर रहना है ज़रूरी” नामक जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। एक प्रमुख इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी इस सशक्त संदेश के साथ एकजुट हुए:



“हमारा है यही संदेश, नशामुक्त हो मध्य प्रदेश।” अपनी आकर्षक अकादमी यूनिफॉर्म पहने, पैनाश के छात्रों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली और अपने समुदायों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध हुए। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रभावशाली नशा-विरोधी पोस्टरों और नारों से सजी थी, जिनमें “नशे को ना कहें” और “नशा मुक्ति अभियान” शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रेरक व्याख्यान दिए गए, जिसमें मादक द्रव्यों के सेवन के खतरनाक प्रभावों पर जोर दिया गया, खासकर युवा आबादी में। इंटरैक्टिव सत्रों ने छात्रों को युवा नेताओं और परिवर्तन के वाहक के रूप में ज़िम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पनाश अकादमी के एक प्रतिनिधि ने कहा, “यह सिर्फ़ एक शपथ नहीं है—यह एक आंदोलन है।” “हमारे छात्र इंदौर पुलिस के साथ खड़े होकर एक सुरक्षित और स्वस्थ मध्य प्रदेश के निर्माण में योगदान देने पर गर्व महसूस करते हैं।” अकादमी ने अपने छात्रों को इस सार्थक और प्रभावशाली पहल में शामिल करने के लिए इंदौर पुलिस विभाग का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# भारत वर्षीय जैन समाज में रोष

रणजीत टाइम्स



इंदौर । धर्म, संस्कृति, राष्ट्र के रक्षक जैन रत्न धर्माधिकारी श्री वीरेन्द्र हेगड़े जी के सम्मान की रक्षा हेतु समग्र जैन समाज को एकजुट होकर खड़े होकर पुरे भारत में आंदोलन होना चाहिए। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि आज हम सब एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहाँ हमारे समाज के एक महान धर्मपुरुष, रत्न धर्मधिकारी श्री वीरेंद्र हेगड़े जी, कुछ सोची समझी रणनीति के तहत कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हेगड़े जी को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। यह न केवल एक व्यक्ति का अपमान है, बल्कि हमारे समाज के गौरव शाली व्यक्ति एवं धार्मिक मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता पर सीधा सीधा प्रहार है। दद्दू ने कहा कि श्री हेगड़े जी का योगदान मानव सेवा धर्म, सेवा और संस्कृति के क्षेत्र में दशकों से उनका कार्य अतुलनीय है।

उन्होंने हजारों लोगों को नैतिक जीवन, सेवा औरआध्यात्मिकता की राह दिखाई है। कर्नाटक में धर्मस्थल जैसे पवित्र स्थान को उन्होंने न केवल संरक्षित किया, बल्कि उसे जनसेवा मानव सेवा का विशाल केंद्र बनाया। ऐसे धर्मनिष्ठ समाजसेवी व्यक्तित्व को बदनाम करना सत्य, धर्म और न्याय के विरुद्ध है। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ एवं विश्व जैन संगठन ने समग्र जैन समाज से आह्वान करते हुए कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी अन्याय के खिलाफ– एकजुट होकर आवाज उठाएं*अब समय आ गया है कि पूरे कर्नाटक के जैन समाज एवं भारत वर्षीय जैन समाज एकता के साथ एकजुटता के साथ एक स्वर में खड़ा हो और श्री हेगड़े जी के सम्मान की रक्षा हेतु खड़े रहकर हेगड़े जी के साथ विद्रोहियों का मुकाबला किया जाएं और सरकार को भी चेतावनी दी जाए और कहा जाएं कि हेगड़े जी के साथ न्याय किया जाएं। इस विषय को संसद/विधानसभा में उठाकर दोषियों पर कार्रवाई की माँग करें। इंदौर नगर जैन समाज के वरिष्ठ जनों ने भी इस घटना पर खेद प्रगट करते हुए कहा कि एकता ही हमारी शक्ति है हमारी संस्कृति अहिंसा, सत्य और धर्म पर आधारित है — और जब इन मूल्यों पर हमला होता है, तो हमारा मौन भी अन्याय को बल देता है। हम सब समाज जन डॉ जैनेन्द्र जैन अमित कासलीवाल मनोहर झांझरी सुशील पांड्या हंसमुख गांधी टीके वेद सुभाष काला नरेंद्र वेद अशोक मेहता कातीलाल बंम संजय जैन मयंक जैन नकुल पाटोदी एवं पुष्पा कासलीवाल रेखा जैन, मुक्ता जैन आदि समाज जन ने कहा कि धर्मधिकारी श्री हेगड़े जी का अपमान, पूरे भारत वर्षीय जैन समाज का अपमान है। हम इसे सहन नहीं करेंगे।सत्य की रक्षा और धर्म के सम्मान के लिए एकजुट हों।

# कन्या उमावि में बच्चों को साइकिल का किया वितरण

रणजीत टाइम्स



पिपलौदा। एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के आदेश अनुसार नगर से दूर गांव से आने वाले पात्र छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम आयोजित कर साइकिल वितरित की गई। जिसमें 17 छात्र और 26 छात्राए सम्मिलित हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती उपमा पटेल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा एवं विशेष अतिथि पार्षद श्याम बिहारी पटेल एवं पार्षद प्रतिनिधि राजू पाटीदार अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को शासन की साइकिल योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई और अधिक से अधिक बच्चे-बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था परिवार से प्राचार्य रामलाल मैईडा, विनीता खड़िया ,गणेश मालवीय, महावीर जैन ,सुनील खेर, सोहन सिंह मेडा ,मानसिंह मईडा, सुधीर शर्मा, मंगलेश दैराश्री, विजय परिहार, झुझार सिंह डाबी, योगेश कुमार झाला, सुरेश डिंडोर, पुष्पेंद्र सिंह गहलोत सुहानी पटवा आदि उपस्थित थे संचालन गणेश मालवीय ने किया।

# विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बेस ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

रणजीत टाइम्स



पिपलौदा। विकासखंड अंतर्गत रियावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनशिक्षा केंद्र के अधीन शालाओं के प्रधानाध्यापको की बैठक का आयोजन किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र खंड स्रोत समन्वयक प्रदीपसिंह बेस ने आवश्यक निर्देश देते हुए एप पर शिक्षकों की उपस्थिति, शाला संचालन समय, दिव्यांग छात्रों की जानकारी, मध्यान भोजन, साक्षरता कक्षाओं का संचालन,पुस्तक वितरण 3.0 पोर्टल पर वी.ई.आर.सर्वे, नामांकन, साइकल वितरण, नेत्र परीक्षण, पुस्तक वितरण, आदि पर विस्तृत चर्चा का निर्देश दिया। बैठक में जन शिक्षा केंद्र प्रभारी मोहनलाल सासरी, खंड अकादमिक समन्वयक रामदयाल आंजना, बलराम चौहान,साक्षरता समन्वयक नानालाल नायमा, जनशिक्षक मोहनसिंह सोलंकी, अंबाराम बोस, मुकेश कुमार राठौड़ लक्ष्मीनारायण जोशी, संस्था प्रधान आदि उपस्थित थे।

# राजेंद्र सूरी महाविद्यालय राजगढ़ में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

रणजीत टाइम्स



सरदापुर। सरदारपुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री विश्वदीप सिंह परिहार व थाना प्रभारी राजगढ़ श्री दीपक सिंह चौहान की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर राजगढ़ में महाविद्यालय के बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर समझाइए दी गई व नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम का संचालन आरके जैन अध्यक्ष वाणिज्य महाविद्यालय राजगढ़ द्वारा किया गया ,कार्यक्रम में मानव अधिकार ट्रस्ट के प्रमुख श्री प्रेम कुमार बेध जी, राजन सूरी महाविद्यालय प्राचार्य व पूर्व अनुविभागीयअधिकारी सरदारपुर पुलिस श्री ऐश्वर्या शास्त्री सर,डॉक्टर बाल बहादुर सिंह प्रदेश संगठन मंत्री व राजेंद्र सूरी महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में एसडीओपी सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार व अन्य अतिथियों द्वारा नशा मुक्ति को लेकर बच्चों में जानकारी दीगई। एसडीओपी सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर स्कूली बच्चों को महाविद्यालय परिसर में शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त राजगढ़ थाना द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर नशे से दूरी है जरूरी अभियान में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक थाना क्षेत्र में बस स्टैंड,मेला मैदान, तिरला चौकी क्षेत्र, ग्राम दातीगांव व थाना क्षेत्र की स्कूल , शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निर्मला कान्वेंट स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,अलग-अलग जगह पर नशे से दूरी है जरूरी अभियान में सहभागिता दी गई एवं आम लोगों व बच्चों में नशा मुक्ति अभियान को लेकर समझाइस दी गई। उक्त कार्यक्रमों में राजगढ़ थाना प्रभारी श्री दीपक सिंह चौहान स्वयं उपस्थित होकर अपने थाना स्टाफ के साथ में लोगों को जागरूक किया गया।

# नुक्कड़ नाटक, रैली, रंगोली, चित्रकला व स्लोगन के माध्यम से नशामुक्ति का दिया गया संदेश-नशे से दूरी है जरूरी-अभियान का हुआ भव्य समापन







**रणजीत टाइम्स**

बड़वानी I पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार “नशे से दूरी है जरूरी” अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिला बड़वानी में सतत रूप से चलाया गया।

इस दौरान रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन लेखन, हस्ताक्षर अभियान, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली व चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियों द्वारा जनसामान्य को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक किया गया। अभियान का समापन समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी के सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में रंगोली, चित्रकला, स्लोगन और अन्य गतिविधियों के जरिए छात्र-छात्राओं ने “नशा मुक्त समाज की कल्पना” को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र वितरित किए गए। पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने संबोधित करते हुए कहा कि “नशा न केवल व्यक्ति बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। यदि हम स्वयं जागरूक होंगे तो दूसरों को भी प्रेरित कर सकेंगे।” उन्होंने इस 15 दिवसीय अभियान को सफल बनाने में लगे सभी सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि “जिन्होंने इसे गांव-गांव तक पहुंचाया, वे निश्चित रूप से जिले को नशा मुक्त बनाएंगे।”

अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यालयों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शासकीय-अशासकीय संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, पत्रकार बंधुओं, पालकों व जनप्रतिनिधियों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर द्वारा सभी स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, मीडिया व नागरिकों के समर्पण की प्रशंसा की गई और भविष्य में भी इसी तरह समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान, आरआई चेतन बघेल, कोतवाली टीआई दिनेश कुशवाह, साइबर एक्सपर्ट रितेश खत्री, जनसंपर्क अधिकारी असद खान, काउंसलर श्रीमती अनीता चोयल, मुकेश मालवीय, प्रकाश गोयल, एवं सेण्ट मेरी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल, मधुबन व सरस्वती नर्सिंग कॉलेज, शा. माध्यमिक विद्यालय भीलखेड़ा आदि संस्थानों के विद्यार्थी, शिक्षक, पालक, युवा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाबा भूतनाथ ने नगर भ्रमण कर भक्तों को दिए दर्शन



**विभिन्न झांकिया रही आकर्षण का केंद्र**



**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। श्रावण मास के पावन अवसर पर भूतनाथ सेवा समिति द्वारा रोजड नदी स्थित प्राचीन श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शाही सवारी निकाली गई।

नगरवासियों के सहयोग से प्रविवर्ष निकलने वाली शाही सवारी में दिल्ली के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतिया दी वही आदिवासी लोकनृत्य की विशेष प्रस्तुति हुई। शाही सवारी में ढोल पार्टी व तासा पार्टी से वातारवरण शिवमय हुआ। 15 फिट ऊची झांकिया व प्रभु श्री राम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पूरी यात्रा के डीजे की धुन व ढोल की थाप पर महिलाएं नाचते गाते चल रही थी। सवारी का नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने जोरदार स्वागत किया। शिव भक्तों के लिए जगह जगह केले, खीर, खिचड़ी व ठंडाई आदि सल्फहार की व्यवस्था की। नगर भ्रमण कर शाही सवारी पुनः भूतनाथ मंदिर पहुची जहां महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**रणजीत टाइम्स**



जीरापुर I अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोंधिया राजपूत धर्मशाला में आयोजित हुआ। जहां पर प्रभु श्रीराम की पुजन कर शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण वर्ग अलग-अलग 7 सत्र में संपन्न हुआ I जहां पर उद्घाटन समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलियापार ने किया, जिसमें उन्होंने संगठन के मूल मंत्र के बारे में बताया, तथा बलवंत सिंह बोडाना , प्रेम सिंह सोलंकी , नारायण सिंह चौहान , विक्रम सिंह चौहान , कालुसिंह पवांर , रूगनाथ सिंह, चैन सिंह आर्य ने संगठन के करणीय और अकर्णीय कार्य , बैठको के स्वरूप के बारे में जानकारी दी , जिसमे उन्होंने कार्यकर्ताओं के गुण और व्यक्तित्व विकास , दायित्व बोध एवं प्रवास पर बताया , सामाजिक सुधार में व्यक्ति, परिवार एंव ग्राम की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन विष्णु सिंह पंवार ने किया।अतिथि मार्गदर्शक मंडल हरिसिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक द्वय पूरसिंह पवांर, हेमराज कल्पोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया, कमल सिंह पवांर , प्यारेलाल चौहान , कुमेरसिंह पवांर, कृष्णपाल पवांर, चंदर सिंह पवांर, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, ईश्वर सिंह तोमर , ईश्वर सिंह परमार ,रामबाबू चेनपुरिया , गंगाराम परमार , कुमेरसिंह परिहार, करतार सिंह , जुझार सिंह ,सहित पूरे जिले के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओ ने प्रशिक्षण शिविर में अपनी सहभागिता की। अन्त में आभार अर्जुन सिंह पवांर ने प्रकट किया।

# 80 करोड़ के मालिक, लेकिन अंत वृद्धाश्रम में...!" संतान ने छोड़ा साथ, समाजसेवियों ने दी मुखाग्नि

वाराणसी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पुरानी कहावत – "पुत कपूत तो का धन संचय, पुत सपूत तो का धन संचय" – को सच साबित कर रही है। आधुनिक युग में संतान अपने माता-पिता के साथ रहने से कतराती है, और इस स्वार्थ ने एक पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार को ऐसी दर्दनाक स्थिति में पहुँचा दिया कि उनकी अंतिम यात्रा तक परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ।




## पद्मश्री श्रीनाथ खंडेलवाल की करुण कहानी

काशी के 80 वर्षीय प्रसिद्ध आध्यात्मिक साहित्यकार श्रीनाथ खंडेलवाल, जिन्होंने 100 से अधिक किताबें लिखीं और 2023 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हुए थे, करोड़ों की संपत्ति के बावजूद अपने ही बच्चों के कारण वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हो गए। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटा बिजनेसमैन है और बेटी सुप्रीम कोर्ट की वकील। लेकिन संपत्ति पर कब्जा कर उन्होंने अपने पिता को बेसहारा कर दिया। बीमार और अकेले पड़े श्रीनाथ खंडेलवाल को समाजसेवियों ने काशी के एक कुष्ठ वृद्धाश्रम में शरण दिलाई।

## बेटों-बेटी ने नहीं किया अंतिम दर्शन

वृद्धाश्रम में रहते हुए श्रीनाथ खंडेलवाल ने जीवन के आखिरी पल बिताए। बीमार होने पर उन्हें ICU में भर्ती कराया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। जब उनकी मौत की खबर परिवार को दी गई तो बेटों ने "व्यस्तता" का हवाला देकर आने से इनकार कर दिया और बेटी ने भी मुंह मोड़ लिया।

## समाजसेवियों ने किया अंतिम संस्कार

परिवार की बेरुखी देख समाजसेवी अमन ने लोगों से चंदा इकट्ठा कर श्रीनाथ खंडेलवाल का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार करवाया। यह घटना सिर्फ एक साहित्यकार की नहीं, बल्कि उस सोच का आईना है जो आधुनिक समाज में रिश्तों की आत्मा को खत्म कर रही है। सवाल यह है कि धन किसके लिए अगर अपने ही आखिरी सफर में साथ छोड़ दें?

# निष्काम भाव से किया गया कर्म ही ईश्वर को स्वीकार होता है

मानव जीवन कर्म आधारित है कर्म के बगैर जीवन जीना असंभव है। निष्काम भाव हमें लाचार और दूसरों पर बोझ बना देता है अतः कर्म सफल जीवन की जरूरत है। जब हमारे द्वारा किये गये कार्यों पर दूसरे लोग गर्व करते हैं, तब भी हमें अपने कार्य को लेकर गर्व महसूस ना हो तो इसका अर्थ है कि हममें कर्ता भाव बिलकुल नहीं है। यदि हम स्वयं के कार्य पर गर्व करते हैं तो वह गर्व सहज तो है पर कई बार यह भाव अभिमान बन जाता है, और हमें पता भी नहीं चलता।



गर्व सकारात्मक अभिव्यक्ति है प्रशंसा की। लेकिन जब हमें अपने कार्य का आभास होने लगता और हममें मैंने यह क्रिया का भाव आता है, तब यह अभिमान बन जाता है जो एक नकारात्मक वृति है। अभिमान में अहंकार की छाया रहती है। 'मैं' इस अभिमान का आधार है।

सहज योग में सहज कार्य करने वाले साधक में जब कर्ता भाव आता है तो श्री माताजी सहज योग से निकल जाने की सलाह देती हैं, क्योंकि यह भाव हमारे उत्थान में बहुत बड़ी बाधा है। दरअसल सहज योग में ढ़ेरों कार्य होते हैं, जब सहज योगी अपने द्वारा किये गये कार्यों को लेकर अभिमान महसूस करता है, तब यह सहज कार्य में मशहूर होने के प्रयास सम हो जाती है।

निष्काम भाव से किया गया कर्म ही ईश्वर को स्वीकार होता है। निष्काम भाव हममें स्थापित हो इसके लिए सहज योग माध्यम में बहुत सरल उपाय है जिससे हम ईड़ा (बांई ओर) और पिंगला(दाहिनी ओर) दोनों नाड़ियों को संतुलित करते हैं जिससे हमारे अंदर अंहकार और प्रति अहंकार की भावना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। हमारे अंदर यह ज्ञान स्थापित होता है कि हमें कार्य करने की शुद्ध इच्छा ईश्वर के आशीर्वाद से ही मिलती और उस कार्य को पूर्ण करने का सामर्थ्य भी ईश्वर से ही प्राप्त होता है। हम इस सच्चाई से भिज्ञ होते हैं कि करता और करविता ईश्वर है और हम सिर्फ और सिर्फ ईश्वर के माध्यम हैं। ईश्वर का माध्यम बनने की संतुष्टि हमें बहुत अधिक शांति प्रदान करती है।

चलिए हम सभी सहज योग से जुड़ते हैं और सुंदर ध्यान की तकनीक सीख ईश्वर का माध्यम बनते हैं। सहज योग ध्यान केंद्र सदैव सभी नये साधकों का स्वागत करता है। सहज योग के बारे में जानने हेतु हमारा टोल फ्री नंबर है 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

**बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो**

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

**भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278**

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स